Navbharat ntimes Date 06.06.2023

ISBT से बच्चा हुआ गुम, पुलिस ने ढूंढ निकाला

■ **विस, नई दिल्ली :** डीआरडीओ में काम कर चुके देहरादून की हिमालया यूनिवर्सिटी के प्रफेसर डॉ. राम नारायण मिश्राका चार साल का बेटा दिल्ली के आईएसबीटी कश्मीरी गेट से लापता हो गया। प्रफेसर अपने बेटे और पत्नी के साथ यहां से देहरादून की बस पकड़ने आए थे। उसी समय किसी तरह से बच्चा उनकी नजरों से ओझल हुआ और वह गुम हो गया। इसकी पुलिस को शिकायत की गई। नॉर्थ दिल्ली के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि मामले की तफ्तीश करते हुए पता लगा कि इस तरह के हुलिए का एक बच्चा हरियाणा रोडवेज की एक बस में सवार हुआ था। बस के ड्राइवर से संपर्क किया गया। उस समय तक बस धीरपुर आईटीआई के पास तक पहुंच चुकी थी। बच्चे को हरियाणा रोडवेज की बस से सकुशल बरामद कर लिया गया। मामला 4 जून की शाम करीब 4:30 बजे का है। चौकी इंचार्ज अरविंद, एएसआई वीरेंद्र तिवारी और हवलदार मुकेश की टीम ने बच्चे को ढूंढने में मदद की।

बच्चा हरियाणा रोडवेज की एक बस में सवार हुआ था।